ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE
24, AKBAR ROAD, NEW DELHI
COMMUNICATION DEPARTMENT

Highlights **26 June, 2020**

Shri Rahul Gandhi, former Congress President, gave the video messages as part of the #SpeakUpForOurJawans campaign today.

श्री राहुल गांधी ने कहा कि- भाईयों और बहनों, नमस्कार!

हिंदुस्तान के वीर शहीदों को मेरा नमन। पूरा देश मिलकर, एक साथ, एक होकर, सेना के साथ और सरकार के साथ खड़ा है, मगर एक बहुत जरुरी सवाल उठा है।

कुछ दिन पहले हमारे प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि हिंदुस्तान की एक इंच जमीन किसी ने नहीं ली, कोई हिंदुस्तान के अंदर नहीं आया। मगर सुनने को मिल रहा है, लोग कह रहे हैं, सैटेलाइट फोटोग्राफ्स में दिखाई दे रहा है, लद्दाख की जनता कह रही है, आर्मी के रिटायर्ड जनरल्स कह रहे हैं कि चीन ने हमारी जमीन छीनी है, एक जगह नहीं बल्कि तीन जगह चीन ने हमारी जमीन छीनी है।

प्रधानमंत्री जी, आपको सच बोलना ही पड़ेगा, देश को बताना पड़ेगा, घबराने की कोई जरुरत नहीं है। अगर आप कहेंगे कि जमीन नहीं गई और सचमुच में जमीन गई है, तो चीन का फायदा होगा। हमें मिलकर इनसे लड़ना है, उनको उठाकर वापस फेंकना है, निकालना है, तो आपको सच बोलना पड़ेगा। बिना घबराए, बिना डरे, आप बोलिए कि हाँ, चीन ने जमीन ली है और हम कार्यवाही करने जा रहे हैं, पूरा देश आपके साथ खड़ा है। और आखिरी सवाल- हमारे जो भी शहीद हैं, उनको बिना हथियार किसने भेजा और क्यों भेजा?

धन्यवाद, जय हिंद !

Sd/-
(Vineet Punia)
Secretary
Communication Deptt,
AICC